कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 17.04.2023

विषय : 03/2023 को समाप्त तिमाही की राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 03/2023 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 24.03.2023 को दोपहर 12.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री निखिल दुबे, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री एम. सुभाष कुमार, भा.र.ले.से | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्रीमती बी.लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्रीमती बी.के.राधा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री एम.वी.सुब्रहमण्यम | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती जी. अनुराधा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री जी. श्रीनिवास मूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री श्रीनिवास मंडा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री पी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री टी. श्रीनिवास राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री श्रीनिवास राव वुलिचि | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्री सीएच.वी. रमण मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 14. | श्री के. रामकृष्णा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 15. | श्री पी.आर.सुब्बा राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 16. | श्री के. गोपीचंद | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 17. | श्री पी. राम किशोर | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 18. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |
| 19. | सुश्री नेहा कश्यप | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य |

सर्वप्रथम समिति के नए सदस्य श्री निखिल दुबे, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक का परिचय दिया गया और समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

मद सं. 1 - दिनांक 23.12.2022 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 23.12.2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 23.12.2022 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि वे.ले.का.(अ.श्रे), ई.एम.ई, सिकंदराबाद में दिनांक 15 फरवरी, 2023 को एक दिवसीय ऑफ-लाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 21 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

2. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2022-2023 के दौरान र.ले.नि महोदय के अनुमोदन के उपरांत वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार संगठन के नौ उप कार्यालयों और मुख्य कार्यालय के सात अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण पूरा कर लिया गया है और उप-कार्यालयों की निरीक्षण रिपोर्टें संबंधितकार्यालयों और मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई हैं । अनुभागों को निरीक्षण रिपोर्टें दे दी गई हैं और एक महीने के भीतर अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट देने का निदेश दिया गया है। समिति को सूचित किया गया कि आगामी वर्ष 2023-24 का प्रस्तावित निरीक्षण कार्यक्रम शीघ्र ही नियंत्रक महोदय के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

3. **हिंदी शिक्षण योजना के अधीन प्रशिक्षण** - नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत हिंदी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी पारंगत प्रशिक्षण हेतु जनवरी से जुलाई, 2023 के सत्र के लिए 31 अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया है और हिंदी पारंगत की ऑन-लाइन कक्षाएँ आरंभ हो गयी हैं। नवंबर, 2022 में आयोजित पिछले हिंदी पारंगत सत्र की अंतिम परीक्षा के परिणाम प्राप्त हो गए हैं और नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत उत्तीर्ण अधिकारियों/कर्मचारियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर दिया गया है। साथ ही इस संगठन के दस कर्मचारियों को हिंदी टंकण के ऑन लाइन-पाठ्यक्रम में नामित किया गया था जिनकी अंतिम परीक्षा जनवरी, 2023 में आयोजित की गई और उसके परिणाम भी प्राप्त हो गए हैं ।

4. **सं एवं प. निरीक्षण के दौरान राजभाषा संबंधी मदों की जाँच किया जाना** - पिछली बैठक में सूचित किया गया था कि महानियंत्रक कार्यालय ने सं. एवं प. कक्ष की निरीक्षण के दौरान राजभाषा संबंधी मदों की जाँच करने का निदेश दिया था। उसी के अनुसार सं एवं प. कक्ष को राजभाषा प्रश्नावली दे दी गई है जिसे सं एवं प. कक्ष की निरीक्षण करने वाले अधिकारी को दिया जाएगा ।

5. **हिंदी पारंगत में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की सूचना -** पिछली बैठक में यह सुझाव दिया था कि हिंदी पारंगत परीक्षा में उत्तीर्ण कर्मचारियों की सूची आई. टी हेल्पलाइन पर अपलोड की जाए। तदनुसार यह सूचना आई टी हेल्पलाइन में अपलोड कर दी गयी है।

6. **सभी परिपत्रों को वेबसाइट में द्विभाषी रूप में अपलोड किया जाना** - पिछली बैठक में निदेश दिया गया था कि आई.टी. अनुभाग हिंदी अनुवाद के साथ ही परिपत्रों को र.ले.नि, सिकंदराबाद की वेबसाइट पर अपलोड करें । परंतु यह पाया गया कि सभी परिपत्र केवल अंग्रेज़ी में ही अपलोड किये जा रहे हैं । अत:, इस संदर्भ में सभी संबंधित अनुभागों और आई.टी. अनुभाग को पत्र जारी किया गया कि कोई भी परिपत्र केवल अंग्रेज़ी में वेबसाइट पर अपलोड न किया जाए । साथ ही फरवरी, 2023 में अपलोड किए गए सभी परिपत्रों का हिंदी अनुवाद आई. टी अनुभाग को उपलब्ध कराया गया है और उन्हें वेबसाइट पर अपलोड करने का निदेश दिया गया है।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 09/2022 तथा 12/2022 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 09/2022 तथा 12/2022 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 09/2022 | 171 | 171 | शून्य |
| 12/2022 | 188 | 188 | शून्य |

(2) हिंदी पत्राचार की स्थिति :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 09/2022 | 12897 | 1986 | 86.65% |
| 12/2022 | 12777 | 2054 | 86.15% |

**मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा** - समिति को अवगत कराया गया कि मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से केवल चार पत्र प्राप्त हुए हैं जिनमें से एक पत्र में मुख्यालय कार्यालय के रा.भा.का.स की बैठक का कार्यवृत प्राप्त हुआ है, जिसमें नये नियुक्त कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए परिचायक पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण के लिए भेजा जाना अपेक्षित है तथा केंद्रीय अनुवाद ब्यूरों द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी नामित किया जाना अपेक्षित है। समिति को सूचित किया गया कि दोनों प्रशिक्षणों की अवधि अलग-अलग होना सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय कार्यालय को पत्र लिखा गया है जिसका उत्तर प्रतीक्षित है । एक अन्य पत्र में इस कार्यालय की दिसंबर, 2022 की हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की मुख्यालय कार्यालय द्वारा समीक्षा की गयी । मुख्यालय कार्यालय के एक अन्य पत्र में इस कार्यालय के दिसंबर, 2022 की रा.भा.का.स की बैठक के कार्यवृत की समीक्षा की गयी थी । एक अन्य पत्र अनुवाद अधिकारियों के लिए दिल्ली में आयोजित होने वाले पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित था। इस संबंध में समिति को सूचित किया गया कि उक्त प्रशिक्षण हिंदी शिक्षण योजना के स्थानीय केंद्र पर भी आयोजित किया जाना अपेक्षित है । स्थानीय केंद्र से इससे संबंधित सूचना प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी। समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय से प्राप्त सभी पत्रों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

**मद सं. 4- वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा** - समिति को सूचित किया गया कि इस संगठन द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के लिए भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

समिति को सूचित किया गया कि वर्तमान में निम्नांकित मदों पर संगठन द्वारा लक्ष्य-प्राप्ति की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | विवरण | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी पत्राचार | 55% | 86.15% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 30% | 37.60% |
| 3. | हिंदी प्रशिक्षण | 100% | 100% |

**मद सं. 6 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 01 | 01 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**मद सं. 7 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव :**

1. श्री निखिल दुबे, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक ने जानना चाहा कि कुछ दस्तावेजों में हिंदी और अंग्रेजी साथ में छपा होता है और बीच-बीच में रिक्त स्थान एक ही भाषा में भरे जाते है जबकि कुछ दस्तावेजों में हिंदी अलग पृष्ठ पर और अंग्रेजी अलग पृष्ठ पर छपा होता है, इसके क्या कारण हैं ?

सदस्य सचिव ने बताया कि जहाँ कार्यालय टिप्पणी अथवा ऐसे नेमी पत्र होते हैं जिनमें केवल कर्मचारी का नाम अथवा प्रापण के प्रयोजन जैसे कुछ ही विवरण भरा जाना अपेक्षित होता है वहाँ पर केवल एक ही रिक्त स्थान देकर अंग्रेज़ी अथवा हिंदी में भरने का विकल्प दिया जाता है ताकि कोई भी रिक्त स्थान खाली न छोड़ दिया जाए जबकि कार्यालय आदेश अथवा परिपत्रों को अनुवाद करके दो अलग-अलग पृष्ठों पर छापा जाता है ताकि उन्हें एक साथ जारी किया जा सके।

।

2. सदस्य सचिव ने सभी अनुभागों के अधिकारियों से निवेदन किया कि वे कोई भी परिपत्र वेबसाइट पर अपलोड करने से पहले उसे द्विभाषी ज़रूर करें । सबसे अधिक परिपत्र लेखा अनुभाग से जारी होते हैं, अत: उस अनुभाग के लेखा अधिकारी से अनुरोध किया कि वे कृपया सभी परिपत्र द्विभाषी रूप में ही वेबसाइट पर अपलोड करें। परिपत्र को द्विभाषी करने में राजभाषा अनुभाग से सहायता लें। साथ ही आई.टी. अनुभाग हिंदी अनुवाद के साथ ही परिपत्रों को वेबसाइट पर अपलोड करें ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

**हस्ता/-**
**(एम. सुभाष कुमार)**
**रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली छावनी।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)
7. सभी अनुभाग (स्थानीय)

रामा

**(के. रामकृष्णा)**
**लेखा अधिकारी (प्रशा)**